<u>समाचार</u>

# <u>30 स्थाई केन्द्रों एवं 08 मोबाईल मेडिकल यूनिट के माध्यम से होगा वैक्सीनेशन</u>

कोरबा 21 जून 2021 –नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों को 22 जून को 30 स्थाई केन्द्रों एवं 08 मोबाईल मेडिकल यूनिट के माध्यम से वैक्सीनेशन का कार्य किया जाएगा। निगम के सभी 08 जोन में एक–एक मोबाईल मेडिकल यूनिट आवश्यकतानुसार स्थानों में वैक्सीनेशन कार्य हेतु अपनी सेवाएं देंगी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार **<u>कोरबा जोन में</u>** रानी धनराजकुंवर अस्पताल कोरबा, भिलाईखुर्द स्कूल, देवांगनपारा, रेलवे हास्पिटल, **<u>रविशंकर शुक्ल जोन में</u>** एस.ई.सी.एल. हास्पिटल मुड़ापार, जोन आफिस रविशंकर नगर, **<u>कोसाबाड़ी जोन में</u>** कम्यूनिटी हाल पोड़ीबहार, डॉ.श्यामाप्रसाद मुखर्जी विद्युत तापगृह अस्पताल, स्वास्थ्य सुविधा केन्द्र रामपुर, जिला लाईब्रेरी डिंगापुर, स्वास्थ्य सुविधा केन्द्र दादरखुर्द, **<u>टी.पी.नगर जोन</u>** में स्वास्थ्य सुविधा केन्द्र कोहड़िया, स्वास्थ्य सुविधा केन्द्र पन्द्रह ब्लाक, जोन आफिस टी.पी.नगर इंदिरा स्टेडियम, **<u>बालको जोन में</u>** एस.एच.सी. नेहरूनगर बालको, शिवनगर रूमगरा, पाड़ीमार स्कूल भदरापारा, मंगल भवन सेक्टर–2, दैहानपारा स्कूल, **<u>दर्री जोन में</u>** स्वास्थ्य सुविधा केन्द्र सुमेधा, स्वास्थ्य सुविधा केन्द्र बलगीनगर, सी.एस.ई.बी.वेस्ट हास्पिटल, एन.टी.पी.सी. हास्पिटल, सिंचाई कालोनी डिस्पेंसरी, स्वास्थ्य सुविधा केन्द्र लाटा, **<u>सर्वमंगला जोन में</u>** एस.ई.सी.एल. डिस्पेंसरी विकास नगर, एस.ई.सी.एल. डिस्पेंसरी आदर्शनगर, स्वास्थ्य सुविधा केन्द्र सर्वमंगला नगर, **<u>बांकीमोंगरा जोन में</u>** एस.ई.सी.एल. बांकी हास्पिटल, स्वास्थ्य सुविधा केन्द्र घुड़देवा आदि 30 स्थाई टीकाकरण केन्द्रों में वैक्सीनेशन का कार्य होगा, इसके अतिरिक्त निगम के प्रत्येक जोन में एक–एक मोबाईल मेडिकल यूनिट जाएंगी तथा वैक्सीनेशन का कार्य करेंगी।

संपादकब्यूरोचीफ......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

(रावेन्द्र सिंह)
सहायक जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)